❑ यह पहला यौगिक है जो अकार्बनिक पदार्थो से प्रयोगशाला में 1828 में व्होलर द्वारा संश्लेषित किया गया (अमोनियम सल्फेट और पोटेशियम सायनेट के मिश्रण को गर्म करने पर)।

❑ इस निर्माण ने बल जैव सिद्धांत को खत्म किया था।

❑ यह मनुष्य और स्तनधारियों में प्रोटीन के उपापचयन का अंतिम अपघटन उत्पाद है जो मूत्र के साथ उत्सर्जित होता है।

❑ वयस्क लगभग 30 ग्राम यूरिया प्रतिदिन मूत्र के साथ उत्सर्जित करते हैं।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***मूत्र से :*** मूत्र को सांद्र नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिकर्मित करते हैं। तो यूरिया नाइट्रेट $CO(NH_2)_2.HNO_3$ के क्रिस्टल प्राप्त होते हैं।

$$2\underset{\text{यूरिया नाइट्रेट}}{CO(NH_2)_2.HNO_3} + BaCO_3 \rightarrow 2\underset{\text{यूरिया}}{CO(NH_2)_2} + Ba(NO_3)_2 + H_2O + CO_2$$

(ii) ***प्रयोगशाला निर्माण***

(a) *व्होलर संश्लेषण*

$$\underset{\text{पोटेशियम सायनेट}}{2KCNO} + \underset{\text{अमोनियम सल्फेट}}{(NH_4)_2SO_4} \rightarrow \underset{\text{अमोनियम सायनेट}}{2NH_4CNO} + K_2SO_4$$

$$\underset{\text{अमोनियम सायनेट}}{NH_4CNO} \xrightarrow[\text{समावयवी परिवर्तन}]{\text{गर्म करने पर}} \underset{\text{यूरिया}}{NH_2CONH_2}$$

❑ ठोस अवशेष को एल्कोहल के साथ निष्कर्षित करते हैं और निष्कर्ष को वाष्पित करते हैं। तब यूरिया के क्रिस्टल प्राप्त होते हैं इसे जल से पुनः क्रिस्टलीकृत किया जा सकता है।

(b) *फॉस्जीन या एल्किल कार्बोनेट से*

$$\underset{\text{कार्बोनिल क्लोराइड (फॉस्जीन)}}{O = C \begin{matrix} \diagup Cl \\ \diagdown Cl \end{matrix}} + 2NH_3 \rightarrow \underset{\text{यूरिया}}{O = C \begin{matrix} \diagup NH_2 \\ \diagdown NH_2 \end{matrix}} + 2HCl$$

$$\underset{\text{एथिल कार्बोनेट (यूरेथेन)}}{O = C \begin{matrix} \diagup OC_2H_5 \\ \diagdown OC_2H_5 \end{matrix}} + 2NH_3 \rightarrow \underset{\text{यूरिया}}{O = C \begin{matrix} \diagup NH_2 \\ \diagdown NH_2 \end{matrix}} + 2C_2H_5OH$$

(iii) ***औद्योगिक विधि***

(a) *कैल्शियम सायनामाइड के आंशिक जलअपघटन द्वारा*

$$\underset{\text{कैल्शियम कार्बाइड}}{CaC_2} + N_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{कैल्शियम सायनामाइड}}{CaCN_2} + C$$

सायनामाइड को 40^oC पर तनु सल्फ्यूरिक अम्ल द्वारा अभिकर्मित करते हैं जहाँ आंशिक जल अपघटन में यूरिया का निर्माण होता है।

$$CaCN_2 \xrightarrow[-CaSO_4]{H_2SO_4} \underset{\text{सायनामाइड}}{H_2NCN} \xrightarrow[(H_2O_2)]{H_2O} \underset{\text{(यूरिया)}}{H_2NCONH_2}$$

या

$$CaCN_2 + H_2O + H_2SO_4 \xrightarrow{40^oC} NH_2CONH_2 + CaSO_4$$

(b) *कार्बन डाई ऑक्साइड और अमोनिया से*

$$CO_2 + 2NH_3 \xrightarrow{150-200^oC} \underset{\text{अमोनियम कार्बोमेट}}{NH_2COONH_4}$$

$$\xrightarrow[-H_2O]{\text{गर्म } (140^oC)} \underset{\text{यूरिया}}{NH_2CONH_2}$$

(2) **भौतिक गुण :** यूरिया एक रंगहीन, गंधहीन क्रिस्टलीय ठोस है। यह 132^oC पर गलित होता है। यह जल में अत्याधिक घुलनशील है एल्कोहल में कम घुलनशील है लेकिन ईथर, क्लोरोफॉर्म और बेंजीन में अघुलनशील है।



क्रिस्टलीय संरचना : ठोस यूरिया में नाइट्रोजन के दोनों परमाणु समरूप होते हैं।

इससे ये प्रदर्शित होता है कि यूरिया में $C-N$ बन्ध में कुछ द्विबन्ध लक्षण होता है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***क्षारीय प्रकृति (लवण निर्माण) :*** यह दुर्बल मोनो अम्ल क्षार की तरह व्यवहार करता है $(K_b = 1.5 \times 10^{-14})$ यह लवण के साथ प्रबल अम्ल का निर्माण करता है।

$$NH_2CONH_2 + HNO_3(\text{सान्द्र}) \rightarrow \underset{\text{यूरिया नाइट्रेट}}{NH_2CONH_2.HNO_3}$$

$$2NH_2CONH_2 + \underset{\text{ऑक्जेलिक अम्ल}}{H_2C_2O_4} \rightarrow \underset{\text{यूरिया ऑक्जेलेट}}{(NH_2CONH_2)_2H_2C_2O_4}$$

यूरिया सामान्य एमाइड से प्रबल क्षार है। यह धनायन के अनुनादी स्थायीकरण के कारण, ऋणावेशित ऑक्सीजन परमाणु को एक प्रोटोन के साथ उपसहसंयोजन करने के योग्य बनता है।



❑ यूरिया का जलीय विलयन उदासीन होता है।

(ii) ***जलअपघटन***

$$NH_2CONH_2 + 2NaOH \rightarrow 2NH_3 + Na_2CO_3$$

यूरिएज एन्जाइम मिट्टी और सोयाबीन में उपस्थित होता है और यह भी जलअपघटन करता है।

$$NH_2CONH_2 + 2H_2O \rightarrow \underset{\text{अमोनियम कार्बोनेट}}{(NH_4)_2CO_3} \rightarrow 2NH_3 + CO_2 + H_2O$$

(iii) ***ऊष्मा का प्रभाव***

$$NH_2CO\underset{\text{(यूरिया के दो अणु)}}{\boxed{NH_2+H}}HNCONH_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{बाइयूरेट}}{NH_2CONHCONH_2} + NH_3$$

यूरिया को बाइयूरेट परीक्षण द्वारा पहचाना जाता है। बाइयूरेट अवशेष को जल में घोलते हैं और $NaOH$ की कुछ बूंदों के साथ विलयन को क्षारीय बना लेते हैं जब बाइयूरेट के क्षारीय विलयन में $CuSO_4$ की बूंद मिलाई जाती है तो बैंगनी रंग उत्पन्न होता है।

जब शीघ्रता से 170^oC पर गर्म करते हैं तो बहुलीकरण होता है :

$$NH_2CONH_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} NH_3 + \underset{\text{सायनिक अम्ल}}{HOCN}\ (H-N=C=O)$$

$$3HOCN \xrightarrow{\text{बहुलीकरण}} (HOCN)_3 \text{ or } (H_3N_3C_3O_3)$$



या

सायनूरिक अम्ल

(iv) ***नाइट्रस अम्ल के साथ अभिक्रिया***

$$\underset{\text{कार्बोनिक अम्ल}}{H_2CO_3} + 2N_2 + 2H_2O$$

$$\downarrow$$

$$H_2O + CO_2$$

(v) ***क्षारीय हायपोहैलाइडो के साथ अभिक्रिया***

$$NaOH + Br_2 \rightarrow NaOBr + HBr$$

$$NH_2CONH_2 + 3NaBrO \rightarrow N_2 + 2H_2O + CO_2 + 3NaBr$$

(vi) ***एसीटिल क्लोराइड या एसीटिक एनहाइड्राइड के साथ अभिक्रिया***

$$NH_2CONH_2 + \underset{\text{एसीटिल क्लोराइड}}{CH_3COCl} \rightarrow \underset{\text{एसीटिल यूरिया (यूरेइड)}}{NH_2CONHCOCH_3} + HCl$$

$$NH_2CONH_2 + (CH_3CO)_2O \rightarrow \underset{\text{एसीटिल यूरिया}}{NH_2CONHCOCH_3} + \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH}$$

(vii) ***हाइड्राजीन के साथ अभिक्रिया***

$$\underset{\text{यूरिया}}{NH_2CONH_2} + \underset{\text{हाइड्राजीन}}{H_2N.NH_2} \xrightarrow{100^oC} \underset{\text{सेमी कार्बेजाइड}}{NH_2CONH.NH_2} + NH_3$$

(viii) ***एथेनॉल के साथ अभिक्रिया***

$$H_2NCO\underset{\text{एथेनॉल}}{\boxed{NH_2+H}OC_2H_5} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{यूरेथेन}}{H_2NCOOC_2H_5} + NH_3$$

(ix) ***क्लोरीन जल के साथ अभिक्रिया***

(x) ***निर्जलीकरण***

$$NH_2CONH_2 + SOCl_2 \rightarrow H_2N-C\equiv N + SO_2 + 2HCl + H_2O$$

(xi) ***सधूम सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया***

$$NH_2CONH_2 + \underbrace{H_2SO_4 + SO_3}_{\text{ओलियम}} \rightarrow 2NH_2SO_3H + CO_2$$
सल्फेमिक अम्ल

(xii) ***चक्रीय यूरियाइड का निर्माण***











(xiii) ***फार्मल्डिहाइड के साथ अभिक्रिया***

$$\underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{CH_2=O} + NH_2CONH_2 \xrightarrow{HCl} \underset{\text{मोनोमेथिलोल यूरिया}}{CH_2(OH)NHCONH_2} \xrightarrow{CH_2=O}$$

$$\underset{\text{डाईमेथिलोल यूरिया}}{CH_2(OH)NHCONH(OH)CH_2} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{(यूरिया-फॉर्मेल्डिहाइड)}}{\text{रेज़िन}}$$

(4) **उपयोग**

(i) नाइट्रोजन उर्वरक के रूप में, इसमें 46.4% नाइट्रोजन होती है।

(ii) फार्मेल्डिहाइड-यूरिया प्लास्टिक और सेमीकार्बजाइड के निर्माण में ।

(iii) जन्तुओं के खाद्य के रूप में ।

(iv) निद्राकारी और दूसरी दवाईयाँ बनाने के लिये।

(v) नाइट्रोसेल्यूलोज विस्फोटक के स्थायीकारक के लिये।

(5) **सामान्य परीक्षण**

(i) जब सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ गर्म करते हैं तो अमोनिया निकलती है।

(ii) सामान्य रूप से गर्म करने पर यह बाइयूरेट देता है जो सोडियम हाइड्रोक्साइड और एक बूंद $CuSO_4$ विलयन के साथ बैंगनी रंग देता है।

(iii) इसका जलीय विलयन सांद्र नाइट्रिक अम्ल के साथ सफेद अवक्षेप देता है।

(iv) सोडियम नाइट्राइट विलयन और तनु HCl (अर्थात HNO_2) को यूरिया विलयन में मिलाने पर, नाइट्रोजन गैस निकलती है और कार्बन डाईऑक्साइड के कारण बुदबुदाहट देती है।

Tips & Tricks

✍ 1° एल्कोहल एवं एल्डिहाइड का ऑक्सीकरण क्षारीय $K_2Cr_2O_7$ के साथ नहीं किया जा सकता क्योंकि इन परिस्थितियों में K_2CrO_4 बनता है जो ऑक्सीकारक की तरह कार्य नहीं करता है।

✍ क्षारीय $KMnO_4$ अथवा अम्लीय $K_2Cr_2O_7$, के साथ एल्किल बेंजीनो के ऑक्सीकरण के दौरान, एरोमैटिक नाभिक वैसा ही बना रहता है किन्तु प्रत्येक पार्श्व श्रंखला अपनी लम्बाई के सापेक्ष $-COOH$ समूह में ऑक्सीकृत हो जाती है। एल्किल बेंजीनों का ऑक्सीकरण इस क्रम में होता है।

टॉलुईन > एथिल बेंजीन > आइसोप्रोपिल बेंजीन

किन्तु तृतीयक ब्यूटिल बेंजीन ऑक्सीकृत होकर बेंजोइक अम्ल नहीं देता है क्योंकि इसमें कोई भी बेंजाइलिक H-परमाणु नहीं होता।

✍ कार्बोक्सिल अम्ल फिनॉल की अपेक्षा प्रबल अम्ल है क्योंकि फिनॉक्साइड आयन की अपेक्षा कार्बोक्सिलेट आयन अनुनाद द्वारा अधिक स्थायित्व प्राप्त करते हैं।

✍ कार्बोक्सिलिक अम्लों का गलनांक दोलन अथवा एकान्तर प्रभाव दर्शाता है, अर्थात कार्बन परमाणुओं की सम संख्या वाले कार्बोक्सिलिक अम्लों के गलनांक अपने से अगले उच्च या निम्न सजात जिनमें कार्बन परमाणुओं की विषम संख्या होती है, उनकी अपेक्षा उच्च होते हैं, क्योंकि इनकी अधिक सममिति होती है और अणु की क्रिस्टल जालक में बन्द संकुलन अधिक होता है।

✍ कार्बोक्सिलिक अम्ल कार्बोनिल समूह की अभिलाक्षणिक अभिक्रिया नहीं देते हैं। इसका कारण यह है कि अनुनाद के कारण कार्बोक्सिलिक अम्ल में $C = O$ का द्विबन्ध लक्षण एल्डिहाइड एवं कीटोन की अपेक्षा अत्याधिक कम होता है।

✍ अम्ल व्यत्पुन्नों के क्वथनांक इस क्रम में होते हैं।

$RCONH_2 > (RCO)_2O > RCOOH > RCOOR' > RCOCl$.

✍ अम्ल क्लोराइड एवं एस्टर के क्वथनांक उनके पितृ अम्ल की अपेक्षा कम होते हैं क्योंकि इनके अणुओं में H- बन्धन अनुपस्थित होते हैं।

✍ अम्ल एनहाइड्राइडों के क्वथनांक उन अम्लों की अपेक्षा उच्च होते हैं जिनसे ये व्युत्पित होते हैं क्योंकि इनके अणुओं के बड़ें आकार होने से वाण्डरवाल आकर्षण प्रबल होता है।

✍ अम्ल एमाइडों के गलनांक एवं क्वथनांक उन अम्लों से बहुत अधिक होते हैं जिनसे ये व्युत्पित होते हैं क्योंकि इनमें प्रबल अन्तर आण्विक हाइड्रोजन बन्धन होता है यद्यपि इनके अणुभार लगभग समान होते हैं।

✍ एरोमैटिक अम्ल क्लोराइड, एलिफैटिक अम्ल क्लोराइड की अपेक्षा कम सक्रिय हैं क्योंकि बेंजीन वलय का एल्किल समूह से अधिक इलेक्ट्रॉन दाता प्रभाव होता है जो एरोमैटिक एसिल कार्बन की इलेक्ट्रॉन न्यूनता को कम करता है।

✍ थैलामाइड एवं सक्सीनामाइड की Br_2–KOH के साथ अभिक्रिया कराने पर वह हॉफमैन ब्रोमामाइड अभिक्रिया करके क्रमशः एन्थ्रानिलिक अम्ल एवं β- एमीनोप्रोपियोनिक अम्ल देते हैं।

✍ यूरिया एकलअम्लीय क्षार की तरह कार्य करता है।

✍ मेलोनिक अम्ल P_2O_5 के साथ गर्म करने पर कार्बन सब ऑक्साइड (C_3O_2) देता है।

✍ इमली में टार्टरिक अम्ल होता है जो प्रकृति में उत्पन्न नहीं होता है।

✍ बेकिंग पाउडर सोडियम बाईकार्बोनेट एवं टार्टर का मिश्रण है अर्थात् अम्ल पोटेशियम हाइड्रोजन सल्फेट।

✍ लोक प्रसाधन में अमोनिया की गन्ध मूत्र में उपस्थित यूरिया के, वायुमण्डल में उपस्थित यूरिएज एन्जाइम द्वारा जल अपघटन के कारण आती है।

✍ टार्टर से निकले अर्थात् पोटेशियम एन्टीमनी $D(+)$टार्टरेट का उपयोग विष उपचार के दौरान उल्टी एवं मितली कराने के लिये किया जाता है।

✍ मैग्नीशियम साइट्रेट का उपयोग अम्ल रोधकता में होता है।

सक्सीनिक अम्ल को अम्बर के आसवन द्वारा बनाया गया था।

✍ मैलिक अम्ल सेब, अंगूर आदि में पाया जाता है।

Ordinary Thinking

Objective Questions

कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं उनके व्युत्पन्नों का सामान्य परिचय

1. निम्न में से गलत कथन हैं **[Tamil Nadu CET 2002]**

(a) सैलिसिलिक अम्ल एकल क्षारीय अम्ल है

(b) मेथिल सैलिसिलेट एक एस्टर है

(c) सैलिसिलिक अम्ल, उदासीन फैरिक क्लोराइड के साथ क्रिया करके बैंगनी रंग देता है, साथ ही सोडियम बाई-कार्बोनेट के साथ तीव्र बुदबुदाहट देता है

(d) मेथिल सैलिसिलेट प्राकृतिक तेलों में नहीं पाया जाता है

2. कौनसा प्रकाशिक सक्रिय है **[BHU 1997]**

(a) एथिलीन ग्लायकॉल (b) ऑक्जेलिक अम्ल

(c) ग्लिसरॉल (d) टार्टरिक अम्ल

3. पामिटिक अम्ल है **[BHU 1997]**

(a) $C_{16}H_{31}COOH$ (b) $C_{17}H_{35}COOH$

(c) $C_{15}H_{31}COOH$ (d) $C_{17}H_{31}COOH$

4. निम्नलिखित में से कौन, एक एमाइड का प्रतिनिधित्व करता है **[MP PMT 1993]**

(a)  (b) 

(c)  (d) 

5. $ClCH_2CH_2COOH$ की संरचना वाले यौगिक का नाम है **[MP PET 1993]**

(a) 3-क्लोरोप्रोपेनॉइक अम्ल (b) 2- क्लोरोप्रोपेनॉइक अम्ल

(c) 2- क्लोरोएथेनॉइक अम्ल (d) क्लोरोसक्सीनिक अम्ल

6. वसा तथा तेल मिश्रण हैं **[CPMT 1993]**

(a) ग्लिसराइड्स तथा संतृप्त वसीय अम्लों का

(b) ग्लिसराइड्स तथा असंतृप्त वसीय अम्लों का

(c) संतृप्त व असंतृप्त वसीय अम्लों के ग्लिसराइडों का

(d) केवल संतृप्त व असंतृप्त वसीय अम्लों का

7. निम्न में से कौन ग्लिसराइड नहीं है **[CPMT 1994]**

(a) वसा (b) तेल

(c) फॉस्फोलिपिड (d) साबुन

8. $(RCO)_2NH$ है

(a) प्राथमिक एमीन (b) द्वितीयक एमीन

(c) द्वितीयक एमाइड (d) तृतीयक एमाइड

9. निम्नलिखित में से कौनसा टार्टरेमेटिक का सूत्र है **[Manipal MEE 1995]**

(a) $\begin{matrix} CH(OH)COOH \\ | \\ CH(OH)COOK \end{matrix}$ (b) $\begin{matrix} CH(OH)COONa \\ | \\ CH(OH)COO(SbO) \end{matrix}$

(c) $\begin{matrix} CH(OH)COOK \\ | \\ CH(OH)COOK \end{matrix}$ (d) $\begin{matrix} CH(OH)COOK \\ | \\ CH(OH)COONa \end{matrix}$

10. कौनसा यौगिक ऑयल ऑफ विन्टरग्रीन के नाम से जाना जाता है **[MP PET/PMT 1998; CPMT 2002]**

(a) फेनिल बेन्जोएट (b) फेनिल सैलिसिलेट
(c) फेनिल एसीटेट (d) मेथिल सैलिसिलेट

11. निम्न में से कार्बोक्सिलिक अम्ल की कौन सी संरचना अम्लीय स्वभाव प्रदर्शित करती है [JIPMER 1997]
(a) $R-C \lesssim^{O}_{OH}$ (b) $R-\overset{+}{C} \lesssim^{OH}_{OH}$
(c) $R-C \lesssim^{O}_{H}$ (d) इनमें से कोई नहीं

12. एसीटोएसीटिक एस्टर किसके समान व्यवहार करता है [CPMT 1988]
(a) एक असंतृप्त हाइड्रॉक्सी यौगिक
(b) एक कीटो यौगिक
(c) (a) और (b) दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

13. सामान्य सूत्र $(RCO)_2O$ किसका है [CPMT 1974; DPMT 1982; MP PMT 1996]
(a) एस्टर (b) कीटोन
(c) ईथर (d) अम्ल एनहाइड्राइड

14. ट्राईबेसिक अम्ल है
(a) ऑक्जेलिक अम्ल (b) टार्टरिक अम्ल
(c) लेक्टिक अम्ल (d) साइट्रिक अम्ल

15. एम्फीफिलिक अणु सामान्यतः संयुग्मित होते हैं [Orissa JEE 1997]
(a) आयसोप्रीन आधारित बहुलक से
(b) साबुन एवं डिटरजेन्ट्स से
(c) नाइट्रोजन आधारित उर्वरक जैसे यूरिया से
(d) दर्दनाशक ओषधियाँ जैसे एस्प्रिन से

16. मोम लम्बी श्रृंखला वाले यौगिक हैं, जिनका वर्ग है [CPMT 1982, 93]
(a) अम्ल (b) एल्कोहल
(c) एस्टर (d) ईथर

17. ग्लायसीन को, निम्न को छोड़कर बाकी श्रेणी में वर्गीकृत कर सकते हैं [JIPMER 1997]
(a) क्षार (b) अम्ल
(c) ज्विटर आयन (d) प्रकाशीय सक्रिय अम्ल

18. निम्न में से कौन वसा अम्ल नहीं है [CPMT 1988]
(a) स्टेरिक अम्ल (b) पामिटिक अम्ल
(c) ओलेइक अम्ल (d) फेनिल एसीटिक अम्ल

19. गन्ना-शर्करा से प्राप्त सिरका होता है [CPMT 1980; DPMT 1982; KCET 1992; MP PMT 1994; AIIMS 1999]
(a) साइट्रिक अम्ल (b) लैक्टिक अम्ल
(c) एसीटिक अम्ल (d) पामिटिक अम्ल

20. निम्न में से कौनसा मोनोकार्बोक्सिलिक अम्ल का सामान्य सूत्र है [CPMT 2003]
(a) C_nH_nCOOH (b) $C_nH_{2n+1}COOH$
(c) $C_nH_{2n-1}COOH$ (d) $C_nH_{2n}O_2$

21. एसीटामाइड अणु में ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या होती है
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

22. यूरिया है [CPMT 1984]
(a) एकल अम्लीय क्षार (b) द्विअम्लीय क्षार
(c) उदासीन (d) उभयधर्मी

23. वसा तथा तेल हैं [CPMT 1990]
(a) अम्ल (b) एल्कोहल
(c) एस्टर (d) हाइड्रोकार्बन

24. निम्न में से कौनसी खुली श्रृंखला वाले यौगिकों का सामान्य सूत्र $C_nH_{2n}O_2$ है [AIEEE 2003]
(a) डाईकीटोन (b) कार्बोक्सिलिक अम्ल
(c) डाईऑल (d) डाईएल्डिहाइड

25. $H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl$ कहलाता है
(a) एसीटिल क्लोराइड (b) फॉर्मिल क्लोराइड
(c) क्लोरीटोन (d) ऑक्सोक्लोरोमेथेन

26. यूरिया है
(a) कार्बोनिक अम्ल का एमाइड
(b) कार्बोनिक अम्ल का डाईएमाइड
(c) जल-अपघटन से कार्बोनिक अम्ल बनाता है
(d) कार्बोनिक अम्ल के समान

27. निम्न में से कौनसा अम्ल थैलिक अम्ल का समावयवी है
(a) सक्सीनिक अम्ल
(b) सैलिसिलिक अम्ल
(c) 1, 4-बेन्जीन डाईकार्बोक्सिलिक अम्ल
(d) मेथिल बेन्जोइक अम्ल

28. निम्न में से कौन एस्टर है [Kerala PMT 2003]
(a) कैल्शियम लैक्टेट (b) अमोनियम एसीटेट
(c) सोडियम एसीटेट (d) इनमें से कोई नहीं

29. उच्चतर वसा अम्लों के सोडियम या पोटेशियम लवण कहलाते हैं [MP PET 2003]
(a) साबुन (b) तारपीन
(c) शर्करा (d) एल्केलॉइड

30. फॉर्मामाइड है
(a) $HCONH_2$ (b) CH_3CONH_2
(c) $HCOONH_4$ (d) $(HCHO + NH_3)$

31. ऑलिक, स्टिरिक अम्ल तथा पामिटिक अम्ल हैं [CPMT 1997]
(a) न्यूक्लिक अम्ल (b) एमीनो अम्ल
(c) वसीय अम्ल (d) इनमें से कोई नहीं

32. कौनसा एथेनोइक अम्ल है [CPMT 1997]
(a) $HCOOH$ (b) CH_3COOH
(c) CH_3CH_2COOH (d) $CH_3CH_2CH_2COOH$

33. विनेगर (सिरका) है [CPMT 1997]
(a) $HCHO$ (b) $HCOOH$
(c) CH_3CHO (d) CH_3COOH

34. इनमें से किसमें $-COOH$ समूह नहीं है [CPMT 1997]
(a) एस्प्रिन (b) बेंजोइक अम्ल
(c) पिक्रिक अम्ल (d) सैलिसिलिक अम्ल

35. गन्ने से प्राप्त सिरके में होता है [AFMC 2005]
(a) CH_3COOH (b) $HCOOH$
(c) C_6H_5COOH (d) CH_3CH_2COOH

36. कार्बोलिक अम्ल है [AFMC 2005]
(a) C_6H_5CHO (b) C_6H_6
(c) C_6H_5COOH (d) C_6H_5OH

37. निम्न में से सर्वाधिक अम्लीय है [J & K 2005]
(a) $ClCH_2COOH$ (b) C_6H_5COOH
(c) CD_3COOH (d) CH_3CH_2COOH

38. निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक क्रियाशील हे [J & K 2005]
(a) एथिल एसीटेट (b) एसीटिक एनहाइड्राइड
(c) एसीटामाइड (d) एसीटिल क्लोराइड

कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं उनके व्युत्पन्नों को बनाने की विधियाँ

1. 85% H_2SO_4 द्वारा $CH_3CH_2NO_2$ जल अपघटित होकर बनाता है **[KCET 1996]**

(a) CH_3CH_2OH (b) C_2H_6

(c) $CH_3CH = NOH$ (d) CH_3COOH

2. जब फॉर्मिक अम्ल PCl_5 के साथ से क्रिया करता है तो उत्पाद होगा **[MNR 1982]**

(a) फॉर्मिल क्लोराइड (b) एसीटिल क्लोराइड

(c) मेथिल क्लोराइड (d) प्रोपिओनिल क्लोराइड

3. एसीटिल क्लोराइड बनाने की प्रयोगशाला विधि है **[RPMT 2003]**

(a) $CH_3COOH + SOCl_2 \rightarrow CH_3COCl$

(b) $CH_3COOH + PCl_3 \rightarrow CH_3COCl$

(c) $CH_3COONa + PCl_3 \rightarrow CH_3COCl$

(d) ये सभी

4. शैन्को अभिक्रिया में किस उत्प्रेरक द्वारा एस्टर बनता है

(a) $LiAlH_4$ (b) *NBS-N*-ब्रोमोसक्सीनामाइड

(c) $Al(OC_2H_5)_3$ (d) $Zn - Hg / HCl$

5. एसीटिक अम्ल प्राप्त होता है जब **[NCERT 1975; CPMT 1977]**

(a) मेथिल एल्कोहल, पोटेशियम परमैगनेट के साथ ऑक्सीकृत होता है

(b) कैल्शियम फॉर्मेट की उपस्थिति में कैल्शियम एसीटेट आसवित होता है

(c) पोटेशियम डाइक्रोमेट और सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ एसीटेल्डिहाइड ऑक्सीकृत होता है

(d) ग्लिसरॉल को सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ गर्म किया जाता है

6. एसीटिक अम्ल को किसके किण्वन से उत्पादित किया जाता है **[CPMT 1985]**

(a) एथेनॉल (b) मेथेनॉल

(c) एथेनल (d) मेथेनल

7. $CO + NaOH \rightarrow$ **[CPMT 1997; KCET 1999]**

(a) $HCOONa$ (b) $C_2H_2O_4$

(c) $HCOOH$ (d) CH_3COOH

8. कार्बोक्सिलिक अम्ल डाइएजोमेथेन से क्रिया कर बनाते हैं **[MP PMT/PET 1988; MP PMT 1990]**

(a) एमीन (b) एल्कोहल

(c) एस्टर (d) एमाइड

9. $C_2H_2 \xrightarrow[H_2SO_4]{HgOH\ 1\%} A \xrightarrow{[O]} B$ में B है **[CBSE PMT 1991; BHU 1995]**

(a) एक अम्ल (b) एक एल्डिहाइड

(c) एक कीटोन (d) एथेनॉल

10. रीमर-टीमेन अभिक्रिया सम्मिलित करती है **[MP PET 1997]**

(a) कार्बोनियम आयन मध्यावस्था

(b) कार्बीन मध्यावस्था

(c) कार्बेनियन मध्यावस्था

(d) मुक्त मूलक मध्यावस्था

11. अभिक्रिया $CH_3Cl \xrightarrow{KCN} (A) \xrightarrow{H_2O} (B) \xrightarrow{NH_3} (C) \xrightarrow{\Delta} (D)$ में उत्पाद D है **[MP PET 1997]**

(a) $CH_3CH_2NH_2$ (b) CH_3CN

(c) $HCONH_2$ (d) CH_3CONH_2

12. निम्न में से कौन जल अपघटन पर एसीटिक अम्ल देता है **[BHU 1997]**

(a) CH_3CN (b) CH_3OH

(c) C_2H_5OH (d) $C_2H_5NH_2$

13. $KMnO_4$ के साथ बेंजिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण से प्राप्त होने वाला उत्पाद है **[SCRA 1991]**

(a) बेन्जल्डिहाइड (b) बेंजोइक अम्ल

(c) CO_2 एवं H_2O (d) इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से कौन आक्सीकरण पर बेन्जोइक अम्ल देगा **[CBSE PMT 1996]**

(a) क्लोरोफिनॉल (b) क्लोरोटॉलुईन

(c) क्लोरोबेन्जीन (d) बेन्जिल क्लोराइड

15. $(CH_3)_2CO \xrightarrow[(HCl)]{NaCN} A \xrightarrow[\Delta]{H_3O^+} B$ अभिक्रियाओं के उपरोक्त अनुक्रम में A तथा B हैं **[CPMT 2000]**

(a) $(CH_3)_2C(OH)CN, (CH_3)_2C(OH)COOH$

(b) $(CH_3)_2C(OH)CN, (CH_3)_2C(OH)_2$

(c) $(CH_3)_2C(OH)CN, (CH_3)_2CHCOOH$

(d) $(CH_3)_2C(OH)CN, (CH_3)_2C=O$

16. एसीटिक अम्ल के दो मोल को P_2O_5 के साथ गर्म करने पर बनने वाला उत्पाद होता है **[MP PET/PMT 1988]**

(a) एथिल एल्कोहल के दो मोल

(b) फॉर्मिक एनहाइड्राइड

(c) एसीटिक एनहाइड्राइड

(d) मेथिल सायनाइड के दो मोल

17. फॉर्मिक अम्ल प्राप्त होता है जब **[NCERT 1974]**

(a) कैल्शियम एसीटेट को सान्द्र H_2SO_4 के साथ गर्म करते हैं

(b) कैल्शियम फॉर्मेट को कैल्शियम एसीटेट के साथ गर्म करते हैं

(c) ग्लिसरॉल को ऑक्जेलिक अम्ल के साथ 110^oC पर गर्म करते हैं

(d) एसीटेल्डिहाइड का ऑक्सीकरण $K_2Cr_2O_7$ एवं H_2SO_4 से करते हैं

18. एसीटिक अम्ल निम्न से क्रियाकर एसीटिल क्लोराइड नहीं बनायेगा **[CPMT 1985]**

(a) $CHCl_3$ (b) $SOCl_2$

(c) PCl_3 (d) PCl_5

19. *o*-जाइलीन का V_2O_5 की उपस्थिति में ऑक्सीकरण से बनता है

(a) बेंजोइक अम्ल (b) फेनिल एसीटिक अम्ल

(c) थैलिक अम्ल (d) एसीटिक अम्ल

20. अभिक्रिया

$$CH_3CH=CH_3 \xrightarrow[H^+]{CO+H_2O} CH_3-\underset{\displaystyle COOH}{\underset{|}{CH}}-CH_3$$

को कहते हैं **[MP PMT 2002]**

(a) वुर्ट्ज अभिक्रिया

(b) कोच अभिक्रिया

(c) क्लेमेन्सन अपचयन

(d) कोल्बे अभिक्रिया

21. वायु द्वारा ऑक्सीकृत होने पर कौन थैलिक अम्ल देता है **[Tamil Nadu CET 2002]**

(a) नेफ्थैलीन (b) बेन्जीन

(c) मेसीटिलीन (d) टॉलुईन



22. $\xrightarrow[(ii) H_2O]{(i) CO_2} P$ अभिक्रिया में P है [CBSE PMT 2002]

(a)



(b)



(c)



(d) $C_6H_5 - \overset{O}{\overset{\|}{C}} - C_6H_5$

23. ग्लेशियल एसीटिक अम्ल प्राप्त होता है [KCET 2002]

(a) सिरका के आसवन से

(b) एसीटिक अम्ल को पिघलाकर, क्रिस्टलीकृत करके अलग करने पर

(c) सिरका को निर्जलीकारक के साथ अभिकृत करके

(d) रासायनिक विधि से एसीटिक अम्ल को अलग करके

24. एस्टरीकरण में, H_2O बनाने के लिये, निम्न में से OH^- प्राप्त होता है [CPMT 1996]

(a) अम्ल (b) एल्कोहल

(c) कीटोन (d) कार्बोहाइड्रेट

25. एथिल एल्कोहल एवं एसीटिक अम्ल को सान्द्र H_2SO_4 की उपस्थिति में गर्म करने पर फलों की गंध युक्त यौगिक प्राप्त होता है। यह क्रिया कहलाती है [AIIMS 1996]

(a) उदासीनीकरण (b) एस्टर जल अपघटन

(c) एस्टरीकरण (d) विलियमसन संश्लेषण

26. अमोनियम क्लोराइड तथा पोटेशियम सायनेट के मिश्रण को गर्म करने पर बनने वाला उत्पाद होता है

(a) N_2O (b) NH_3

(c) CH_3NH_2 (d) H_2NCONH_2

27. प्रबल अम्ल की उपस्थिति में एक ऑक्जिम से एक एमाइड तक पुनर्विन्यास को कहते हैं [Kerala CET 2000]

(a) कर्टियस पुनर्विन्यास (b) फ्राइस पुनर्विन्यास

(c) बैकमेन पुनर्विन्यास (d) सेण्डमेयर अभिक्रिया

28. कार्बोक्सिलिक अम्लों का एस्टर में परिवर्तन निम्न में से किस अभिकर्मक द्वारा होगा [CBSE PMT 2000]

(a) C_2H_5OH (b) शुष्क $HCl + C_2H_5OH$

(c) $LiAlH_4$ (d) $Al(OC_2H_5)_3$

29. प्रोपिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड की कार्बनडाइऑक्साइड से क्रिया करने पर बना अम्ल है [CPMT 1982, 84, 86; Pb. PMT 1998]

(a) C_3H_7COOH (b) C_2H_5COOH

(c) (a) तथा (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

30. CO_2 एथिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड के साथ अभिक्रिया करके देती है [BHU 1983]

(a) एथेन (b) प्रोपेनोइक अम्ल

(c) एसीटिक अम्ल (d) इनमें से कोई नहीं

31. निम्न में से किसकी अभिक्रिया द्वारा एसीटिल क्लोराइड से एसीटिक एनहाइड्राइड प्राप्त करते हैं [CPMT 1985, 93]

(a) P_2O_5 (b) H_2SO_4

(c) CH_3COONa (d) CH_3COOH

32. एसीटामाइड के जल अपघटन से उत्पन्न होता है [DPMT 1984; MP PMT 1994; MP PET 2001]

(a) एसीटिक अम्ल (b) एसीटेल्डिहाइड

(c) मेथिल एमीन (d) फॉर्मिक अम्ल

33. एथिल एसीटेट, प्राप्त होता है जब मेथिल मैग्नीशियम आयोडाइड निम्न से क्रिया करता है [Tamil Nadu CET 2002]

(a) एथिल फॉर्मेट (b) एथिल क्लोरोफॉर्मेट

(c) एसीटिल क्लोराइड (d) कार्बनडाइऑक्साइड

34. सोडियम एसीटेट की एसीटिल क्लोराइड के साथ क्रिया से बनता है [BIT 1992]

(a) एसीटिक अम्ल (b) एसीटोन

(c) एसीटिक एनहाइड्राइड (d) सोडियम फॉर्मेट

35. अमोनियम एसीटेट को जब एसीटिक अम्ल के साथ 110^oC पर गर्म किया जाये तो बनता है [MP PET 1991]

(a) एसीटामाइड (b) फॉर्मेमाइड

(c) अमोनियम सायनेट (d) यूरिया

36. शेन्को अभिक्रिया किसके निर्माण में उपयोग में लायी जाती है

(a) ईथर के (b) एस्टर के

(c) एमाइड के (d) अम्ल एनहाइड्राइड के

37. वसीय अम्ल का सिल्वर लवण, एल्किल हैलाइड के साथ पश्चवाहन (reflux) करने पर देता है [KCET 2004]

(a) अम्ल (b) एस्टर

(c) ईथर (d) एमीन

38. निम्न में से कौन सी अभिक्रिया $\alpha-$ ब्रोमो एसीटिक अम्ल के निर्माण में उपयोग होती है [MP PET 2004; MP PET/PMT 1998]

(a) कोल्बे अभिक्रिया

(b) रीमर-टीमेन अभिक्रिया

(c) हेल वोल्हार्ड जेलिन्स्की अभिक्रिया

(d) पर्किन अभिक्रिया

39. तृतीयक एल्कोहल (3°) जिसमें कम से कम 4 कार्बन परमाणु उपस्थित हों तीव्र ऑक्सीकरण पर एक ऐसा कार्बोक्सिलिक अम्ल देते हैं जिसमें निम्न कार्बन परमाणु होते हैं [MH CET 2004]

(a) एल्कोहल से एक कार्बन परमाणु कम

(b) एल्कोहल से दो कार्बन परमाणु कम

(c) एल्कोहल से तीन कार्बन परमाणु कम

(d) ये तीनों विकल्प सही हैं

40. जब सक्सीनिक अम्ल गर्म होता है तो निर्मित उत्पाद है [Pb. CET 2000]

(a) सक्सीनिक एनहाइड्राइड (b) एसीटिक अम्ल

(c) CO_2 एवं मेथेन (d) प्रोपिऑनिक अम्ल

41. अभिक्रिया, $C_6H_5OH \xrightarrow{NaOH} (A) \xrightarrow[140^\circ C, (4-7\ atm)]{CO_2} (B) \xrightarrow{HCl} (C)$ में, यौगिक (C) है [Pb. CET 2001]

(a) बेंजोइक अम्ल (b) सैलीसिलल्डिहाइड

(c) क्लोरोबेन्जीन (d) सैलिसिलिक अम्ल

42. जब एक एसिल क्लोराइड को कार्बोक्सिलिक अम्ल के सोडियम लवण के साथ गर्म किया जाता है तो प्राप्त उत्पाद है [DCE 2003]

(a) एक एस्टर (b) एक एनहाइड्राइड

(c) एक एल्कीन (d) एक एल्डिहाइड

43. अभिक्रिया में यौगिक X है

$$X \xrightarrow{CH_3MgI} Y \xrightarrow{\text{जल अपघटन}} Mg(OH)I + CH_3COOH$$

[Pb. CET 2003]

(a) CH_3CHO (b) CO_2

(c) $(CH_3)_2CO$ (d) $HCHO$

44. $CH_3CONH_2 \xrightarrow{NaNO_2 / HCl} X$ [Pb. CET 2003]

(a) CH_3COOH (b) $CH_3CO\overset{+}{N}H_3Cl^-$

(c) CH_3NH_2 (d) CH_3CHO

45. प्राथमिक एल्डिहाइड ऑक्सीकरण पर देता है [DPMT 20004]

(a) एस्टर (b) कार्बोक्सिलिक अम्ल

(c) कीटोन (d) एल्कोहल

46. टॉलुईन किसके द्वारा बेन्जोइक अम्ल में ऑक्सीकृत होता है [BHU 2004; CPMT 1985]

(a) $KMnO_4$ (b) $K_2Cr_2O_7$

(c) H_2SO_4 (d) (a) तथा (b) दोनों

47.

यौगिक (X) है [IIT 2005]



(a) CH_3COOH (b) $BrCH_2-COOH$

(c) $(CH_3CO)_2O$ (d) $CHO-COOH$

48. सैलिसिलिक अम्ल फिनॉल से किस अभिक्रिया द्वारा निर्मित किया जाता है [AFMC 2005]

(a) रीमर-टीमेन अभिक्रिया

(b) कोल्बे अभिक्रिया

(c) कोल्बे विद्युत अपघटन अभिक्रिया

(d) इनमें से कोई नहीं

49. एसीटिक अम्ल किसके ऑक्सीकरण से प्राप्त होगा [J & K 2005]

(a) एथेनॉल (b) प्रोपेनल

(c) मेथेनल (d) ग्लायऑक्सल

कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं उनके व्युत्पन्नों के गुण

1. निम्न में से किस अम्ल का वियोजन गुणांक सबसे कम है [IIT-JEE (Screening) 2002]

(a) $CH_3CHFCOOH$ (b) FCH_2CH_2COOH

(c) $BrCH_2CH_2COOH$ (d) $CH_3CHBrCOOH$

2. प्रोपीन की N-ब्रोमो सक्सीनामाइड के साथ क्रिया कराने पर प्राप्त होता है [MP PMT 2003]

(a) $CH_3-\underset{\underset{Br}{|}}{C}=CH_2$ (b) $BrCH_2-CH=CH_2$

(c) $BrCH_2-CH=CHBr$ (d) $BrCH_2-\underset{\underset{Br}{|}}{CH}-CH_2Br$

3. जब रीमर-टीमेन अभिक्रिया से प्राप्त कार्बोक्सी फिनॉल को Zn चूर्ण के साथ अनॉक्सीकृत कराते हैं, तो क्या प्राप्त होगा [MP PMT 2003]

(a)

(b)

(c)

(d)









4. एक कार्बोक्सिलिक अम्ल HA की वाष्प 573 K ताप पर MnO_2 पर प्रवाहित करने से प्रोपेनॉन प्राप्त होता है। अम्ल HA है

(a) मेथेनॉइक अम्ल (b) एथेनॉइक अम्ल

(c) प्रोपेनॉइक अम्ल (d) ब्यूटेनॉइक अम्ल

5. प्रबलतम अम्ल है या निम्न में से किसकी अम्लीयता सर्वाधिक है [CPMT 1982, 89; BIT 1992; MP PET 1996; MP PMT/PET 1988; MP PMT 1995, 97;RPMT 1997]

(a) $Cl_2CH.COOH$ (b) $ClCH_2COOH$

(c) CH_3COOH (d) $Cl_3C.COOH$

6. एथिल एसीटेट कमरे के ताप पर है

(a) ठोस (b) द्रव

(c) गैस (d) विलयन

7. यूरिया, अमोनियम सल्फेट से श्रेष्ठ उर्वरक है क्योंकि

(a) इसमें नाइट्रोजन का अधिक प्रतिशत है

(b) इसकी अधिक घुलनशीलता है

(c) यह मंद क्षारीय है

(d) यह मृदा में अम्लीयता उत्पन्न नहीं करता

8. एसीटामाइड की जल से क्रिया, निम्न का उदाहरण है [Kurukshetra CEE 1998; RPMT 2000]

(a) एल्कोहली अपघटन (b) जल अपघटन

(c) अमोनोलाइसिस (d) साबुनीकरण

9. वह अम्ल जो फेहलिंग घोल को अपचयित करता है [KCET 1998]

(a) मेथेनोइक अम्ल (b) एथेनोइक अम्ल

(c) ब्यूटेनोइक अम्ल (d) प्रोपेनोइक अम्ल

10. जब एक कार्बनिक यौगिक को स्थिर रखा जाता है तो नीचे दिखाया गया बहुलक प्राप्त होता है। यह एक सफेद ठोस है तो बहुलक होगा

$$O\begin{matrix} \diagup CH_2-O\diagdown \\ \diagdown CH_2-O\diagup \end{matrix}CH_2$$ [CBSE PMT 1989]



(a) ट्राईऑक्जेन (b) फॉर्मोज

(c) पैराफॉर्मेल्डिहाइड (d) मैटाएल्डिहाइड

11. यदि $LiAlH_4$ को एक एस्टर में मिलाया जाये तो क्या प्राप्त होगा [CBSE PMT 2000]

(a) एल्कोहल की दो इकाइयाँ

(b) एल्कोहल की एक इकाई एवं अम्ल की एक इकाई

(c) अम्ल की दो इकाइयाँ

(d) इनमें से कोई नहीं

12. जब एनिसॉल को HI, के साथ गर्म करते हैं तो प्राप्त होता है [CET Pune 1998]

(a) फेनिल आयोडाइड तथा मेथिल आयोडाइड

(b) फिनॉल तथा मेथेनॉल

(c) फेनिल आयोडाइड तथा मेथेनॉल

(d) मेथिल आयोडाइड तथा फिनॉल

13. जब CH_3COOH , CH_3-Mg-X के साथ करता है, तो [BVP 2003]

(a) CH_3COX निर्मित होता है (b) हाइड्रोकार्बन निर्मित होता है

(c) एसीटोन निर्मित होता है (d) एल्कोहल निर्मित होता है

14. निम्नलिखित में से किस श्रेणी के यौगिक एल्कोहलों से भी अधिक हाइड्रोजन आबंधन का प्रदर्शन करते हैं

(a) फिनॉल (b) कार्बोक्सिलिक अम्ल

(c) ईथर (d) एल्डिहाइड

15. प्रोपेनामाइड, जब Br_2 तथा $NaOH$ से क्रिया करता है तो निम्न में से कौनसा यौगिक प्राप्त होता है [Manipal 2001]

(a) एथिल एल्कोहल (b) प्रोपिल एल्कोहल

(c) प्रोपिल एमीन (d) एथिल एमीन

16. एक एस्टर, जल अपघटित होकर, कार्बोक्सिलिक अम्ल देता है जो कोल्बे की विद्युत अपघटनी विधि द्वारा, एथेन प्रदान करता है, वह एस्टर है **[EAMCET 1997; Manipal PMT 2001]**

(a) एथिल मेथेनोएट (b) मेथिल एथेनोएट

(c) प्रोपिल एमीन (d) एथिल एमीन

17. अमोनियम सायनेट या यूरिया को अधिक समय तक गर्म करने पर प्राप्त होता है **[DPMT 1982; CPMT 1979; MP PMT 1996]**

(a) N_2 (b) CO_2

(c) बाइयूरेट (d) अमोनियम कार्बोनेट

18. गेब्रियल थैलीमाइड संश्लेषण में थैलीमाइड की क्रिया पहले निम्न से कराते हैं

(a) C_2H_5I / KOH (b) एथेनॉलिक Na

(c) एथेनॉल तथा H_2SO_4 (d) ईथर तथा $LiAlH_4$

19. निम्नलिखित में से प्रबलतम अम्ल कौनसा है **[NCERT 1984]**

(a) CH_3COOH (b) $BrCH_2COOH$

(c) $ClCH_2COOH$ (d) FCH_2COOH

20. निम्नलिखित में से कौन टॉलेन अभिकर्मक का अपचयन करता है **[MP PMT 1991]**

(a) एसीटिक अम्ल (b) साइट्रिक अम्ल

(c) ऑक्जेलिक अम्ल (d) फॉर्मिक अम्ल

21. ऑक्जेलिक अम्ल का टार्टरिक अम्ल से विभेदन इससे होता है

(a) सोडियम बाइकार्बोनेट घोल

(b) अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट घोल

(c) लिटमस पत्र

(d) फिनॉल्फ्थैलीन

22. $HCOOH$ की सान्द्र H_2SO_4 से क्रिया में बनता है **[DPMT 1982, CPMT 1989; MP PET 1995; AIIMS 2000; Manipal 2001; Pb. CET 2002]**

(a) CO_2 (b) CO

(c) ऑक्जेलिक अम्ल (d) एसीटिक अम्ल

23. बेन्जोइक अम्ल के सल्फोनीकरण में मुख्यतः बनता है **[CPMT 1982]**

(a) o-सल्फोबेन्जोइक अम्ल

(b) m- सल्फोबेन्जोइक अम्ल

(c) p- सल्फोबेन्जोइक अम्ल

(d) o- तथा p-सल्फोबेन्जोइक अम्ल

24. निम्न में से कौनसा सबसे प्रबल अम्ल है **[MP PMT 1992]**

(a) CH_2FCOOH (b) $CH_2ClCOOH$

(c) $CHCl_2COOH$ (d) CHF_2COOH

25. निम्नलिखित में से कौन अमोनियामय $AgNO_3$ के साथ रजत दर्पण नहीं देता है **[MP PET 1992]**

(a) $HCHO$ (b) CH_3CHO

(c) CH_3COOH (d) $HCOOH$

26. $2CH_3COOH \xrightarrow[300^oC]{MnO} A$, अभिक्रिया में उत्पाद '$A$' है **[RPMT 2003]**

(a) CH_3CH_2CHO (b) CH_3-CH_2-OH

(c) CH_3COCH_3 (d) $CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-O-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3$

27. एसीटिक अम्ल, सल्फ्यूरिक अम्ल से दुर्बल होता है, क्योंकि **[CPMT 2003]**

(a) यह ताप बढ़ाने पर विघटित हो जाता है

(b) इसके आयनन की मात्रा कम है

(c) इसमें– $COOH$ समूह है

(d) इनमें से कोई नहीं

28. CH_3COOH एवं $HCOOH$ में, $HCOOH$ होगा **[CPMT 1975; DPMT 1982]**

(a) कम अम्लीय (b) समान अम्लीय

(c) अधिक अम्लीय (d) इनमें से कोई नहीं

29. एसीटिक एनहाइड्राइड को अत्यधिक अमोनिया के साथ क्रिया कराने पर उत्पाद मिलता है **[MP PET 1992]**

(a) $2CH_3COONH_4$

(b) $2CH_3CONH_2$

(c) $CH_3CONH_2 + CH_3COONH_4$

(d) $2CH_3COOH$

30. 

अभिक्रिया में D है **[UPSEAT 2002]**

(a) प्राथमिक एमीन

(b) एक एमाइड

(c) फेनिल ऑइसोसाइनेट

(d) एक लम्बी श्रृंखला वाला हाइड्रोकार्बन

31. जल अपघटन अभिक्रिया, जो वसा और कास्टिक सोडा में होती है कहलाती है **[MP PMT/PET 1988; AMU 1988; KCET 2000; MP PET 2001]**

(a) एस्टरीकरण (b) साबुनीकरण

(c) एसीटिलीकरण (d) कार्बोक्सिलीकरण

32. अभिक्रिया

$$CH_3COOH \xrightarrow{LiAlH_4} (A) \xrightarrow{I_2+NaOH} (B) \xrightarrow{Ag(\text{रज})} (C)$$

में अन्तिम उत्पाद (C) है

(a) C_2H_5I (b) C_2H_5OH

(c) C_2H_2 (d) CH_3COCH_3

33. CH_3MgI की अधिकता के साथ एथिल फॉर्मेट की अभिक्रिया तत्पश्चात जल अपघटन के द्वारा बनता है **[IIT (Screening) 1992]**

(a) n-प्रोपिल एल्कोहल (b) एथेनल

(c) प्रोपेनल (d) आइसोप्रोपिल एल्कोहल

34. नीचे दी गई चार अभिक्रियाओं में, फॉर्मिक और एसीटिक अम्ल किस सन्दर्भ में भिन्न हैं **[CPMT 1990, 93]**

(a) सोडियम के द्वारा हाइड्रोजन का विस्थापन

(b) एल्कोहल के साथ एस्टर का निर्माण

(c) फेहलिंग विलयन का अपचयन

(d) ब्लू लिटमस अभिक्रिया

35. फॉर्मेल्डिहाइड और फॉर्मिक अम्ल को निम्न में से किसके उपयोग द्वारा विभेदित किया जा सकता है **[AFMC 1993]**

(a) टॉलेन अभिकर्मक (b) फेहलिंग विलयन

(c) फैरिक क्लोराइड (d) सोडियम बाईकार्बोनेट

36. एस्टर तथा एसीटामाइड विभेदित किये जाते हैं **[BHU 1996]**

(a) प्रबल अम्ल अथवा क्षार द्वारा जल अपघटित कराकर

(b) वसीय अम्ल, के व्युत्पन्नों के रुप में

(c) (a) तथा (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

37. बेन्जीन के विलयन में एसीटिक अम्ल द्विलक के रुप मे रहता है। इसका कारण है **[MP PMT 1989; CPMT 1982]**

(a) संघनन

(b) $-COOH$ समूह की उपस्थिति

(c) α – हाइड्रोजन

(d) हाइड्रोजन बन्ध

38. निम्नलिखित में से कौनसा यौगिक $NaHCO_3$ से क्रिया कर सोडियम लवण एवं कार्बनडाइऑक्साइड देगा **[CBSE PMT 1999; BHU 1983, 2002]**

(a) फिनॉल (b) *n*-हैक्सेनॉल

(c) एसीटिक अम्ल (d) (a) तथा (b) दोनों

39. बेन्जीन में घुला हुआ एसीटिक अम्ल अपना अणुभार प्रदर्शित करता है **[MP PET 1993]**

(a) 30 (b) 60

(c) 120 (d) 240

40. अभिक्रिया

$$2CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OC_2H_5 \xrightarrow{C_2H_5ONa}$$

$$CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_2-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OC_2H_5+C_2H_5OH$$

कहलाती है **[MP PMT 2003; KCET 1996]**

(a) इटार्ड अभिक्रिया (b) पर्किन अभिक्रिया

(c) क्लेजन संघनन (d) क्लेजन श्मिट अभिक्रिया

41. सबसे प्रबलतम अम्ल है (pKa मान दिया हुआ है) **[MP PMT 1997; BHU 2003]**

(a) $HCOOH$ (3.77) (b) C_6H_5COOH (4.22)

(c) CH_3COOH (4.71) (d) CH_3CH_2COOH (4.88)

42. आयोडीन उत्प्रेरक की उपस्थिति में क्लोरीन, एसीटिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके बनाती है **[MP PMT 1997]**

(a) $CH_3-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-Cl$ (b) $CH_2Cl-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-OH$

(c) $CH_3-\overset{\overset{Cl}{|}}{\underset{\underset{Cl}{|}}{C}}-OH$ (d) $CH_3-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-O-Cl$

43. जलीय विलयन में लवण जैसा गुणधर्म प्रदर्शित करने वाला अम्ल है **[MP PET/PMT 1998]**

(a) एसीटिक अम्ल (b) बेंजोइक अम्ल

(c) फॉर्मिक अम्ल (d) α – एमीनो एसीटिक अम्ल

44. $CH_3COOH \xrightarrow[P_2O_5]{\Delta} X$, X को पहचानिये **[JIPMER 2000; CPMT 2003]**

(a) CH_3COCH_3 (b) CH_3CHO

(c) $(CH_3CO)_2O$ (d) CH_4

45. फॉर्मिक अम्ल **[MP PET/PMT 1988]**

(a) जल के साथ मिश्रणीय है

(b) अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट को अपचयित करता है

(c) यह तीन के लगभग दुर्बल अम्ल है और एसीटिक अम्ल की अपेक्षा आधा गुना दुर्बल है

(d) यह पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड को गर्म करने से बनता है

46. फॉर्मिक अम्ल के सन्दर्भ में नीचे दिये गये कथनों में से कौनसा सही है **[CPMT 1983]**

(a) यह एसीटिक अम्ल की अपेक्षा दुर्बल अम्ल है

(b) यह एक अपचायक है

(c) जब इसका कैल्शियम लवण गर्म किया जाता है तो यह कीटोन बनाता है

(d) यह एक ऑक्सीकारक है

47. निम्न में से कौन, अम्लीय $KMnO_4$ के रंग को रंगविहीन कर देता है **[CPMT 1991]**

(a) CH_3COOH (b) CH_3CH_2COOH

(c) $COOH.COOH$ (d) $CH_3COOC_2H_5$

48. एक रंगहीन, जल में घुलनशील कार्बनिक द्रव सोडियम कार्बोनेट को विघटित करता है और कार्बन डाइऑक्साइड निकालता है। यह टॉलेन अभिकर्मक के साथ काला अवक्षेप देता है तो द्रव होगा **[KCET 1989]**

(a) एसीटेल्डिहाइड (b) एसीटिक अम्ल

(c) फॉर्मेल्डिहाइड (d) फॉर्मिक अम्ल

49. अभिक्रियाओं के क्रम में अन्तिम उत्पाद B होगा

$$R-X \xrightarrow{CN^-} A \xrightarrow{NaOH} B$$ **[CPMT 1985]**

(a) एक एल्केन

(b) एक कार्बोक्सिलिक अम्ल

(c) कार्बोक्सिलिक अम्ल का सोडियम लवण

(d) एक कीटोन

50. $CH_3CH_2COOH \xrightarrow{Cl_2/Fe} X \xrightarrow[KO_4]{\text{एल्कोहलिक}} Y$ में Y यौगिक है **[DPMT 1981; JIPMER 2000; AIEEE 2002]**

(a) CH_3CH_2OH (b) CH_3CH_2CN

(c) $CH_2=CHCOOH$ (d) $CH_3CHClCOOH$

51. साबुन के अवक्षेपण में, $NaCl$ के स्थान पर निम्न का प्रयोग करते हैं

(a) Na (b) CH_3COONa

(c) Na_2SO_4 (d) सोडियम सिलिकेट

52. निम्न में से किसका प्रयोग बिना आदत डाले हुऐ दर्दनाशक के रुप मे किया जाता है **[CBSE PMT 1997]**

(a) मॉरफीन

(b) *N*-एसीटिल पैराएमीनोफिनॉल

(c) डायजापॉम

(d) टेट्राहाइड्रोकेटीनॉल

53. निम्न में से कौनसा एस्टर क्लेजन स्वतः संघनन में भाग नहीं लेता **[CBSE PMT 1998]**

(a) $CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-COOC_2H_5$

(b) $C_6H_5COOC_2H_5$

(c) $C_6H_5CH_2COOC_2H_5$

(d) $C_6H_{11}CH_2COOC_2H_5$

54. जब एसीटिक अम्ल को बेन्जीन में घोला जाता है तब इसका आण्विक द्रव्यमान **[AFMC 1991]**

(a) घटता है

(b) बढ़ता है

(c) बढ़ता है या घटता है

(d) कोई परिवर्तन नहीं होता

55. बेंजोइक अम्ल का अणु भार बेन्जीन में अधिक होता है एवं जल में कम होता है, क्योंकि

(a) बेन्जीन की अपेक्षा जल का हिमांक कम है और क्वथनांक अधिक है

(b) यह जल की अपेक्षा बेन्जीन में अधिक वियोजित होता है

(c) यह जल में संयोजित और बेन्जीन में वियोजित होता है

(d) यह जल में वियोजित और बेन्जीन में संयोजित होता है

56. कार्बोक्सिलिक अम्ल के आयनीकरण का मुख्य कारण क्या है **[MNR 1993; Pb. PMT 2004]**

(a) α – हाइड्रोजन की अनुपस्थिति

(b) कार्बोक्सिलेट आयन का अनुनादी स्थायीकरण

(c) α – हाइड्रोजन की उच्च क्रियाशीलता

(d) हाइड्रोजन बन्ध

57. निम्न में से कौनसा यौगिक धातु के साथ क्रिया करके हाइड्रोजन निकालेगा **[CPMT 1974]**

(a) C_2H_5OH (b) CH_3COOH

(c) (a) तथा (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

58. जब यूरिया को गर्म करते हैं तो यह बाइयूरेट बनाता है जिसका क्षारीय विलयन $CuSO_4$ विलयन के साथ कौनसा रंग देता है **[AFMC 1980]**

(a) बैंगनी (b) लाल

(c) हरा (d) काला

59. निम्न में से कौनसा जल में सर्वाधिक आयनीकृत होगा **[AIIMS 1982]**

(a) $CH_2ClCH_2CH_2COOH$ (b) $CH_3CHCl.CH_2.COOH$

(c) $CH_3.CH_2.CCl_2.COOH$ (d) $CH_3.CH_2.CHCl.COOH$

60. क्षारीय माध्यम में एस्टरों का जल-अपघटन कहलाता है **[CPMT 1986, 88, 93; MNR 1986; MP PET 1993]**

(a) साबुनीकरण (b) जलयोजन

(c) एस्टरीकरण (d) एल्काइलीकरण

61. जल में विलेय करने पर निम्न में से किसका जल-अपघटन होता है **[CPMT 1989]**

(a) CH_3COONa (b) CH_3CONH_2

(c) (a) तथा (b) दोनों (d) $C_6H_5CH_3$

62. निम्न क्रिया में श्रृँखला का अन्तिम उत्पाद होगा **[DPMT 1984]**

$$CH_3COOH \xrightarrow{NH_3} A \xrightarrow[P_2O_5]{\Delta} B$$

(a) CH_4 (b) CH_3OH

(c) एसीटोनाइट्राइल (d) अमोनियम एसीटेट

63. कार्बोक्सिलिक अम्ल अपचयित होकर बनाते हैं

(a) पैलेडियम की उपस्थिति में हाइड्रोजन द्वारा एल्कोहल

(b) $LiAlH_4$ द्वारा एल्कोहल

(c) $LiAlH_4$ द्वारा एल्डिहाइड

(d) $2HI(P)$ द्वारा एल्कोहल

64. निम्न में से किसे कास्टिक सोडा विलयन के साथ उबालने पर अमोनिया निकलेगी **[BHU 1983]**

(a) एथिल एमीन (b) एनिलीन

(c) एसीटामाइड (d) एसीटोक्सीम

65. $CH_2 = CH - (CH_2)_5COOH \xrightarrow[HBr]{\text{परऑक्साइड}} Z$ जहाँ Z है **[CPMT 1996]**

(a) $CH_3 - \underset{\underset{Br}{|}}{CH} - (CH_2)_5COOH$

(b) $BrCH_2 - (CH_2)_6COOH$

(c) $CH_2 = CH - (CH_2)_5 - CH_2OH$

(d) C_6H_5COOH

66. $HCOOH$ एल्डिहाइड्स के समस्त परीक्षण देता है क्योंकि **[CPMT 1996]**

(a) इसमें एक एल्डिहाइड समूह है

(b) यह एल्डिहाइड श्रेणी का सदस्य है

(c) सभी अम्ल एल्डिहाइड्स के परीक्षण देते हैं

(d) कोई परीक्षण नहीं देता

67. अम्लीय शक्ति का सही क्रम है **[CBSE PMT 2003]**

(a) $RCOOH > HC \equiv CH > HOH > ROH$

(b) $RCOOH > ROH > HOH > HC \equiv CH$

(c) $RCOOH > HOH > ROH > HC \equiv CH$

(d) $RCOOH > HOH > HC \equiv CH > ROH$

68. अमोनिया के साथ घटती क्रियाशीलता का क्रम है **[Pb. PMT 1998]**

(a) एनहाइड्राइड्स, एस्टर, ईथर

(b) एनहाइड्राइड्स, ईथर, एस्टर

(c) ईथर, एनहाइड्राइड्स, एस्टर

(d) एस्टर, ईथर, एनहाइड्राइड्स

69. $(CH_3CO)O_2$ की उपस्थिति में CrO_3 द्वारा टॉलुईन के ऑक्सीकरण का उत्पाद 'A' जलीय $NaOH$ के साथ क्रिया करके देगा

(a) C_6H_5CHO (b) $(C_6H_5CO)_2O$

(c) C_6H_5COONa (d) 2, 4-डाईएसीटिल टॉलुईन

70. $CH_3COOCH_3 + PhMgBr$ (आधिक्य)

$$\rightarrow \text{उत्पाद} \xrightarrow{H^+} X$$

उत्पाद X है **[Orissa JEE 2005]**

(a) 1, 1-डाई फेनिल एथेनॉल

(b) 1, 1-डाई फेनिल मेथेनॉल

(c) मेथिल फेनिल एथेनॉल

(d) मेथिल फेनिल कीटोन

71. निम्नलिखित में सबसे अधिक अम्लीय कौन है **[MP PMT 1995]**

(a) फॉर्मिक अम्ल (b) क्लोरोएसीटिक अम्ल

(c) प्रोपिऑनिक अम्ल (d) एसीटिक अम्ल

72. यूरिया को धीरे-धीरे गर्म करने पर बनता है

(a) $NH_2CON.HNO_2$ (b) $NH_2CONHCONH_2$

(c) $HCNO$ (d) $NH_2CONH_2.HNO_3$

73. निम्न क्रिया से प्राप्त मुख्य उत्पाद हैं

$$CH_2 = CH(CH_2)_8COOH + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}}$$

[Pb. PMT 1998]

(a) $CH_3CHBr(CH_2)_8COOH$

(b) $CH_2 = CH(CH_2)_8COBr$

(c) $CH_2BrCH_2(CH_2)_8COOH$

(d) $CH_2 = CH(CH_2)_7CHBrCOOH$

74. निम्न में से कौन सा यौगिक H_2SO_4 की उपस्थिति में एसीटिक एनहाइड्राइड से क्रिया करके एस्प्रिन बनाता है **[EAMCET 2003]**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

75. एसिल हैलाइड बनता है, जब PCl_5 निम्न से क्रिया करता है **[CBSE PMT 1994; AIIMS 1998; CBSE PMT 2002]**

(a) अम्ल (b) एल्कोहल

(c) एमाइड (d) एस्टर

76. यौगिकों के दिये गये गुणों के सम्बन्ध में कौनसा क्रम गलत है **[CBSE PMT 1994]**

(a) फॉर्मिक अम्ल > एसीटिक अम्ल > प्रोपियोनिक अम्ल (अम्लों की प्रबलता)

(b) फ्लोरोएसीटिक अम्ल > क्लोरोएसीटिक अम्ल > ब्रोमोएसीटिक अम्ल (अम्लों की प्रबलता)

(c) बेंजोइक अम्ल > फिनॉल > साइक्लोहैक्सेनॉल (अम्लों की प्रबलता)

(d) एनिलीन > साइक्लोहैक्सिल एमीन > बेन्जामाइड (क्षारीय प्रबलता)

77. निम्न में से किसके साथ C_2H_5OH की क्रिया द्वारा एक फलों जैसी गंध प्राप्त होती है **[AFMC 2000]**

(a) PCl_5 (b) CH_3COCH_3

(c) CH_3COOH (d) इनमें से कोई नहीं

78. अम्लों की आपेक्षिक शक्ति का, निम्न में से कौन सा क्रम सही है **[CPMT 2000]**

(a) $FCH_2COOH > ClCH_2COOH > BrCH_2COOH$

(b) $ClCH_2COOH > BrCH_2COOH > FCH_2COOH$

(c) $BrCH_2COOH > ClCH_2COOH > FCH_2COOH$

(d) $ClCH_2COOH > FCH_2COOH > BrCH_2COOH$

79. जब एसीटामाइड को $NaOBr$, के साथ अभिकृत किया जाता है, तो प्राप्त उत्पाद है **[Haryana CEET 2000]**

(a) CH_3CN (b) $CH_3CH_2NH_2$

(c) CH_3NH_2 (d) इनमें से कोई नहीं

80. अपचायक गुण दर्शाने वाला वसा अम्ल है **[Kerala CET 2000]**

(a) एसीटिक अम्ल (b) एथेनोइक अम्ल

(c) ऑक्जेलिक अम्ल (d) फॉर्मिक अम्ल

81. अभिकर्मक जिसे मेथेनोइक अम्ल एवं एथेनोइक अम्ल मे विभेद करने के लिये उपयोग किया जा सकता है **[Kerala CET 2001, 02]**

(a) अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट विलयन

(b) उदासीन फैरिक क्लोराइड विलयन

(c) सोडियम कार्बोनेट विलयन

(d) फिनॉल्फ्थैलीन

82. एस्टर का जल-अपघटन एक अम्ल A तथा एल्कोहल B देता है। A फेहलिंग विलयन का अपचयन करता है और B के ऑक्सीकरण से A प्राप्त होता है। एस्टर है **[MP PMT 1999]**

(a) मेथिल फॉर्मेट (b) एथिल फॉर्मेट

(c) मेथिल एसीटेट (d) एथिल एसीटेट

83. क्रियाशीलता का सही क्रम है **[RPMT 2003]**

(a) $R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-X > RCONH_2 > RCOOCOR > RCOOR$

(b) $RCOX > RCOOCOR > RCOOR > RCONH_2$

(c) $RCOOR > RCONH_2 > RCOX > RCOOCOR$

(d) $RCOOCOR > RCOOR > RCOX > RCONH_2$

84. अम्लीय शक्ति का सही क्रम है **[RPMT 2003]**

(a) $CH_2ClCOOH > HCOOH > C_2H_5COOH > CH_3COOH$

(b) $CH_2ClCOOH > HCOOH > CH_3COOH > C_2H_5COOH$

(c) $C_2H_5COOH > CH_3COOH > HCOOH > CH_2ClCOOH$

(d) $HCOOH > CH_2ClCOOH > CH_3COOH > C_2H_5COOH$

85. एथिल बेंजोएट का, क्षार के रुप में कास्टिक सोडा के साथ साबुनीकरण देता है **[Kerala (Med.) 2001]**

(a) बेन्जिल एल्कोहल एवं एथेनोइक अम्ल

(b) सोडियम बेन्जोएट एवं एथेनॉल

(c) बेंजोइक अम्ल एवं सोडियम एथॉक्साइड

(d) फिनॉल एवं एथेनोइक अम्ल

(e) सोडियम बेंजोक्साइड एवं एथेनोइक अम्ल

86. क्षारीय पोटेशियम परमैगनेट द्वारा लैक्टिक अम्ल का ऑक्सीकरण देता है **[Tamil Nadu CET 2002]**

(a) टार्टरिक अम्ल (b) पायरुविक अम्ल

(c) सिनेमिक अम्ल (d) प्रोपियोनिक अम्ल

87. $RCOOH \longrightarrow RCH_2OH$

अम्ल का एल्कोहल में यह अपचयन निम्न में से किसके द्वारा प्रभावित हो सकता है **[CBSE PMT 1989]**

(a) Zn / HCl

(b) Na-एल्कोहल

(c) एल्यूमीनियम आइसोप्रोपॉक्साइड और आइसोप्रोपिल एल्कोहल

(d) $LiAlH_4$

88. कौनसा विलयन उदासीन $FeCl_3$ विलयन के साथ क्रिया करके लाल रंग का विलयन बनाता है **[EAMCET 2003]**

(a) CH_3COCH_3 (b) CH_3OCH_3

(c) CH_3CH_2OH (d) CH_3COOH

89. यूरिया का परीक्षण किया जाता है **[UPSEAT 1999; BVP 2003]**

(a) बेनेडिक्ट परीक्षण द्वारा (b) मुलिकन परीक्षण द्वारा

(c) निनहाइड्रिन द्वारा (d) बाइयूरेट परीक्षण द्वारा

90. निम्न अभिक्रिया में कौनसे कार्बनिक यौगिक बनते हैं **[IIT 1995]**

$C_6H_5-COO-CH_3 \xrightarrow[2.H_2O]{1.LiAlH_4}$

(a) C_6H_5-COOH तथा CH_4

(b) $C_6H_5-CH_2-OH$ तथा CH_4

(c) $C_6H_5-CH_3$ तथा CH_3-OH

(d) $C_6H_5-CH_2-OH$ तथा CH_3-OH

91. किसी अम्ल तथा एल्कोहल की क्रिया कराने पर प्राप्त होगा **[Roorkee 1995]**

(a) उच्च कार्बन युक्त अम्ल (b) द्वितीयक एल्कोहल

(c) एल्केन (d) एस्टर

92. बेंजोइक अम्ल, X के साथ गर्म करने पर बेन्जीन देता है और फिनॉल, Y के साथ गर्म करने पर बेन्जीन देता है इसलिये X और Y क्रमशः हैं **[CBSE PMT 1992]**

(a) सोडालाइम और कॉपर (b) Zn रज और $NaOH$

(c) Zn रज और सोडालाइम (d) सोडालाइम और Zn रज

93. जब एसीटिक अम्ल, फॉस्फोरस ट्रॉइक्लोराइड के साथ क्रिया करता है तो प्राप्त होने वाला उत्पाद है **[CPMT 1989, 93, 94; RPMT 1997; AIIMS 1998; EAMCET 1998]**

(a) $CH_3COOPCl_3$ (b) CH_3COOCl

(c) CH_3COCl (d) $ClCH_2COOH$

94. $LiAlH_4$ के साथ एसीटिल क्लोराइड के अपचयन से प्राप्त होने वाला उत्पाद है **[SCRA 1990]**

(a) मेथिल एल्कोहल (b) एथिल एल्कोहल
(c) एसीटेल्डिहाइड (d) एसीटोन

95. एस्टर को बनाने में सामान्यतः उपयोग में आने वाले निर्जलीकारक हैं **[KCET 1992]**

(a) फॉस्फोरस पेन्टॉक्साइड
(b) निर्जलीय कैल्शियम कार्बाइड
(c) निर्जलीय एल्यूमीनियम क्लोराइड
(d) सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल

96. एल्कोहल की एस्टरीकरण अभिक्रिया में **[KCET 1984]**

(a) OH^- का विस्थापन C_6H_5OH के द्वारा होता है
(b) सोडियम धातु के द्वारा H^+ का विस्थापन होता है
(c) क्लोरीन के द्वारा OH^- का विस्थापन होता है
(d) CH_3COO^- समूह द्वारा OH^- विस्थापित होता है

97. निम्न कार्बोक्सिलिक अम्लों का जल में विलेय होने का कारण है **[MP PET 1999]**

(a) निम्न अणुभार (b) हाइड्रोजन आबंध
(c) आयनों में वियोजन (d) सरलता से जल अपघटन

98. एसीटामाइड, P_2O_5 (फास्फोरस पेन्टॉक्साइड) के साथ अभिक्रिया कर, देता है **[AFMC 1997]**

(a) मेथिल सायनाइड (b) मेथिल सायनेट
(c) एथिल सायनाइड (d) एथिल आइसोसायनेट

99. अभिक्रिया

$CH_3COOH + Cl_2 \xrightarrow{P} ClCH_2COOH + HCl$ कहलाती है **[NSE 2001; MP PET 2003]**

(a) हेल-वोल्हार्ड-जेलिंस्की अभिक्रिया
(b) विर्च अभिक्रिया
(c) रोजेनमुण्ड अभिक्रिया
(d) हुन्सडीकर अभिक्रिया

100. यूरिया का जलीय विलयन होगा **[CPMT 1983]**

(a) उदासीन
(b) अम्लीय
(c) क्षारीय
(d) अम्ल एवं क्षार की तरह व्यवहार कर सकता है

101. बेन्जोइक अम्ल का नाइट्रीकरण देता है **[MP PMT 1997]**

(a) 3-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल
(b) 2-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल
(c) 2, 3-डाईनाइट्रोबेन्जोइक अम्ल
(d) 2, 4-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल

102. एथेनॉइक अम्ल को एथिल एल्कोहल में बदलने के लिये उपयोग करते हैं **[KCET 1996; EAMCET 1998]**

(a) $LiAlH_4$ (b) $KMnO_4$
(c) PCl_3 (d) $K_2Cr_2O_7 / H^+$

103. निम्न में से कौन अधिकतम अम्लीय है **[NCERT 1983]**

(a) *o*-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल (b) *m*-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल
(c) *p*-नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल (d) *p*-नाइट्रोफिनॉल

104. बेन्जोइक अम्ल $100^\circ C$ ताप पर PCl_5 से क्रिया करके बनाता है **[Orissa JEE 2003]**

(a) बेंजोइल क्लोराइड (b) *o*-क्लोरोबेंजोइक अम्ल
(c) *p*-क्लोरोबेंजोइक अम्ल (d) बेन्जिल क्लोराइड

105. ऑक्जेलिक अम्ल को सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ $90^\circ C$ तक गर्म करने पर बनता है **[AFMC 1989; MP PET 1994; MP PMT 1989]**

(a) $HCOOH + CO_2$ (b) $CO_2 + H_2O$
(c) $CO_2 + CO + H_2O$ (d) $HCOOH + CO$

106. बेंजोइक अम्ल, किस कारण से सैलिसिलिक अम्ल से कम अम्लीय है **[Bihar MEE 1997]**

(a) हाइड्रोजन बन्ध के कारण (b) प्रेरणिक प्रभाव के कारण
(c) अनुनाद के कारण (d) इन सभी के कारण
(e) इनमें से कोई नहीं

107. लैक्टिक अम्ल सान्द्र H_2SO_4 के साथ गर्म करने पर देता है **[MP PET 1996]**

(a) एसीटिक अम्ल (b) प्रोपिऑनिक अम्ल
(c) एक्रिलिक अम्ल (d) फॉर्मिक अम्ल

108. एसीटामाइड है **[MP PET 1990; RPMT 1999]**

(a) अम्लीय (b) क्षारीय
(c) उदासीन (d) उभयधर्मी

109. सिल्वर बेन्जोएट, ब्रोमीन से क्रिया कर बनाता है **[KCET 1996]**

(a)
(b) 
(c) 
(d) 

110. एसीटिक एनहाइड्राइड शुष्क $AlCl_3$ की उपस्थिति में, डाइएथिल ईथर के साथ अभिक्रिया करके देता है **[MP PMT 1992]**

(a) एथिल एसीटेट (b) मेथिल प्रोपियोनेट
(c) मेथिल एसीटेट (d) प्रोपिऑनिक अम्ल

111. बेन्जोइक अम्ल, $Cl_2 / FeCl_3$ से क्रिया कर देता है **[KCET 1998; CET Pune 1998]**

(a) *p*-क्लोरोबेंजोइक अम्ल
(b) *o*-क्लोरोबेंजोइक अम्ल
(c) 2, 4-डाइक्लोरोबेंजोइक अम्ल
(d) *m*-क्लोरोबेंजोइक अम्ल

112. हिन्सबर्ग अभिकर्मक है **[MP PMT 2003]**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

113. कार्बोक्सिलिक अम्लों की बढ़ती हुई प्रबलता का सही क्रम निम्नांकित में से कौनसा है

(a) $CH_2FCOOH < CH_3COOH < CH_2ClCOOH < CCl_3COOH$
(b) $CH_3COOH < CH_2ClCOOH < CH_2FCOOH < CCl_3COOH$
(c) $CH_2ClCOOH < CH_2FCOOH < CCl_3COOH < CH_3COOH$
(d) $CCl_3COOH < CH_2ClCOOH < CH_2FCOOH < CH_3COOH$

114. निम्न में सबसे दुर्बल अम्ल होगा **[CPMT 1976, 82, 89; BHU 1982; CBSE PMT 1991;**

MP PMT 1989; Roorkee 1992; RPET 1999]

(a) CH_3COOH (b) $Cl_2CHCOOH$

(c) $ClCH_2COOH$ (d) Cl_3CCOOH

115. कार्बोक्सिलिक अम्लों की अम्लीयता को देखिये

(a) $PhCOOH$ (b) $o-NO_2C_6H_4COOH$

(c) $p-NO_2C_6H_4COOH$ (d) $m-NO_2C_6H_4COOH$

निम्न में से कौनसा क्रम सही है **[AIEEE 2004]**

(a) $b>d>a>c$ (b) $b>d>c>a$

(c) $a>b>c>d$ (d) $b>c>d>a$

116. एथिल एसीटेट को जलीय सोडियम क्लोराइड के साथ मिलाने पर तैयार मिश्रण का संघटन है **[AIEEE 2004]**

(a) $CH_3COCl+C_2H_5OH+NaOH$

(b) $CH_3COONa+C_2H_5OH$

(c) $CH_3COOC_2H_5+NaCl$

(d) $CH_3Cl+C_2H_5COONa$

117. *o*-टॉलुईक अम्ल Br_2+Fe, के साथ अभिक्रिया करके देता है **[AIIMS 2004]**

(a)  (b) 

(c)  (d) 

118. एक एस्टर $RCOOR'$ की एक एल्कोहल $R''OH$ के साथ एक अम्ल की उपस्थिति में क्रिया कराने पर, एस्टर देता है **[Kerala PMT 2004]**

(a) $RCOOH$ (b) $R'COOH$

(c) $R''COOR$ (d) $RCOOR''$

(e) $R'COOR''$

119. $RCOOH$ की क्रिया PCl_5 तथा KCN के साथ कराके, उसका जलअपघटन किया गया उसके पश्चात उसका क्लेमेन्सन अपचयन किया गया। प्राप्त उत्पाद है **[Kerala PMT 2004]**

(a) RCH_2-COCl (b) RCH_2-COOH

(c) $RCOCN$ (d) RCN

(e) $R-OH$

120. अभिकर्मक जो कार्बोक्सिलिक अम्ल के साथ क्रिया करके अम्ल क्लोराइड नहीं देता है, वह है **[KCET 2004]**

(a) PCl_5 (b) Cl_2

(c) $SOCl_2$ (d) PCl_3

121. एक कार्बनिक यौगिक को एल्कोहलिक कास्टिक पोटाश के साथ उबाला गया। उत्पाद को ठंडा करके HCl के साथ अम्लीकृत किया गया। एक सफेद ठोस पृथक हो जाता है प्रारम्भिक यौगिक हो सकता है **[KCET 2004]**

(a) एथिल बेंजोएट (b) एथिल फॉर्मेट

(c) एथिल एसीटेट (d) मेथिल एसीटेट

122. एल्कोहल का OH समूह या कार्बोक्सिलिक अम्ल का $-COOH$ समूह $-Cl$ से प्रतिस्थापित हो सकता है निम्न में से इसका उपयोग करके **[CBSE PMT 2004]**

(a) क्लोरीन

(b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(c) फॉस्फोरस पेंटा क्लोराइड

(d) हाइपोक्लोरस अम्ल

123. निम्न में से कौन सर्वाधिक अम्लीय है **[MP PET 2004]**

(a) पिक्रिक अम्ल (b) *p*-नाइट्रो फिनॉल

(c) *m*- नाइट्रो फिनॉल (d) *o-p* डाई नाइट्रो फिनॉल

124. बेनेडिक्ट विलयन का अपचयन निम्न द्वारा नहीं होता **[CPMT 2004]**

(a) फार्मेल्डिहाइड (b) एसीटेल्डिहाइड

(c) ग्लूकोज (d) एसीटिक एनहाइड्राइड

125. CH_3COOH की अभिक्रिया $CH\equiv CH$ के साथ Hg^{++}, की उपस्थिति में कराने पर प्राप्त उत्पाद है **[DPMT 2004; BHU 1998]**

(a) $\begin{matrix}CH_3(OOCCH_3)\\|\\CH_2(OOCH_3)\end{matrix}$ (b) $\begin{matrix}CH_3\\|\\CH_2-(OOC-CH_3)\end{matrix}$

(c) $\begin{matrix}CH_3\\|\\CH(OOC-CH_3)_2\end{matrix}$ (d) इनमें से कोई नहीं

126. एसीटिक अम्ल PCl_5 के साथ अभिक्रिया करके देता है **[Pb. CET 2001]**

(a) CH_3COCl (b) $CHCl_2COOH$

(c) $CH_2ClCOOH$ (d) CH_3COOCl

127. $CH_3COOC_2H_5$, C_2H_5MgBr की अधिकता के साथ जलअपघटन पर देता है **[MH CET 2004]**

(a) $\begin{matrix}CH_3-C=O\\|\\C_2H_5\end{matrix}$ (b) $\begin{matrix}C_2H_5\\|\\CH_3-C-OH\\|\\C_2H_5\end{matrix}$

(c) $\begin{matrix}CH_3-C=O\\|\\CH_3\end{matrix}$ (d) $\begin{matrix}C_2H_5\\|\\CH_3-C=O\\|\\CH_3\end{matrix}$

128. यूरिया जल अपघटन पर बनाता है **[Pb. CET 2001]**

(a) एसीटामाइड (b) कार्बोनिक अम्ल

(c) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (d) NO_2

129. $CH_3CHO\xrightarrow{HCN}A\xrightarrow{HOH}B.$ उत्पाद B है **[Pb. CET 2003]**

(a) मैलोनिक अम्ल (b) ग्लाइकोलिक अम्ल

(c) लैक्टिक अम्ल (d) मैलिक अम्ल

130. सिरके में एसीटिक अम्ल का प्रतिशत क्या है **[AFMC – 2004; MH CET 2003; CPMT 1974, 75]**

(a) $6-10\%$ (b) $70-80\%$

(c) $7-8\%$ (d) $90-100\%$

131. फलों जैसी गंध देते हैं **[MH CET 2004]**

(a) एस्टर (b) एल्कोहल

(c) क्लोरोफॉर्म (d) अम्ल एनहाइड्राइड

132. लैक्टिक अम्ल के अणु में है **[MH CET 2004]**

(a) एक किरेल कार्बन परमाणु

(b) दो किरेल कार्बन परमाणु

